पंजाब केसरी, 10 अप्रैल 2024

Page No.

Date: / /201

हमीरपुर केसरी

10 अप्रैल 2024

हमीरपुर : कार्यक्रम के उपरांत प्रशिक्षु अध्यापक मुख्यातिथि के साथ सामूहिक चित्र में। (राजीव)

तरक्वाड़ी कालेज में आपदा प्रबंधन पर किया जागरूक

हमीरपुर, 9 अप्रैल (राजीव): स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरक्वाड़ी में आपदा प्रबंधन पर एकदिवसीय सैमीनार का आयोजन किया गया। सैमीनार का आयोजन कालेज के आई क्यू.ए.सी. सैल व रोटरी क्लब हमीरपुर के सहयोग से किया गया। सैमीनार में रवि कुमार प्रधान रोटरी क्लब हमीरपुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

एन.आई.टी. के एसोसिएट प्रो. डा. प्रदीप कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने विभिन्न प्रकार की आपदाओं के प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कालेज प्राचार्य डा. कुलदीप सिंह चंदेल और प्रशिक्षु अध्यापिका कृतिका कुमारी ने भी आपदा प्रबंधन पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरक्वाड़ी के अध्यक्ष सी.ए. राजीव शर्मा, राकेश कुमार पूर्व प्रधान रोटरी क्लब, जे.पी. अग्निहोत्री फाऊंडर मैंबर ऑफ रोटरी क्लब हमीरपुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कालेज की एन.एस.एस. यूनिट ने रोटरी क्लब के सहयोग से स्वच्छता अभियान भी चलाया जिसमें स्वच्छता के साथ-साथ प्रशिक्षु अध्यापकों ने स्लोगन व पोस्टर भी तैयार किए।

पंजाब केसरी, 23-4-2024

हमीरपुर केसरी

TUESDAY, 23 अप्रैल 2024

टकोता में जागरूकता निकाली रैली

हमीरपुर : प्रतियोगिता में भाग लेने के उपरांत प्रशिक्षु अध्यापक सामूहिक चित्र में। (राजीव)

हमीरपुर, 22 अप्रैल (राजीव): स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरक्वाड़ी में आई.क्यू.ए.सी. सैल के अंतर्गत एन.एस.एस. यूनिट के द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कालेज उप प्राचार्य प्रदीप कुमार मुख्यातिथि रहे। पहले सत्र में महाविद्यालय के डी.एल.एड. तथा बी.एड. के प्रशिक्षु अध्यापकों ने स्लोगन राइटिंग व पेंटिंग कंपीटीशन में भाग लिया।

स्लोगन राइटिंग व पेंटिंग कंपीटीशन में बी.एड. के अंजलि व समूह ने प्रथम, बी.एड. की अनुपम व समूह ने द्वितीय और आंचल व समूह ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रदीप कुमार ने विजेता रहे प्रतिभागियों को बधाई दी। दूसरे सत्र में प्रियंका ठाकुर असिस्टैंट प्रोफैसर रिसोर्स पर्सन रहे और उन्होंने पृथ्वी दिवस पर अपने विचार रखे। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्रशिक्षु अध्यापकों ने गोद लिए गांव टकोता गांव में लोगों को पृथ्वी दिवस पर जागरूक करने के लिए रैली निकाली तथा श्रमदान किया। सहायक प्राध्यापक राजेश धीमान ने प्रदीप कुमार व एन.एस.एस. यूनिट के ऑफिसर अमिता रानी व रिसोर्स पर्सन प्रियंका ठाकुर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।